महिला का सोने का मंगलसूत्र तोड़ा

सादुलपुर, (निसं)। बस स्टैंड पर बैठी एक महिला का दो-तीन अज्ञात महिलाओं ने मंगलसूत्र तोडकर फरार होने का प्रयास किया।

लेकिन शोर शराबा करने पर लोगों ने दो महिलाओं को पकडकर पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि आचूकी पत्नी अंजनी कुमार मेघवाल निवासी मीठडी पट्टा (ददरेवा) ने लिखित शिकायत कर बताया कि सोमवार को करीब 2 बजे के लगभग गांव जाने वाली बस में सवार होने के लिए बस स्टैंड राजगढ पर बस के इंतजार में बैठी थी। इसी बीच दो अज्ञात महिलाएं जिनको वह नहीं जानती है आई तथा उसके गले में पहने सोने के मंगलसूत्र को तोड लिया तथा वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर शोर शराबा करने पर उपस्थित लोगों ने दोनों महिलाओं को मौके पर ही दबोच लिया। तथा सूचना पर मौके पर पहुचीं पुलिस को दोनों महिलाओं को सौंप दिया। वहीं पुलिस दोनों महिलाओं से मामले को लेकर पूछताछ कर रही है तथा मामले में एक अन्य महिला भी बताई जा रही है, जो मौके से गायब होना बताया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा को खंखाल कर घटना की जांच शुरू की है तथा जांच के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू करेगी।

तीन दिनों से नाला अवरुद्ध, प्रमुख सड़क पर आगमन हुआ बंद

सादुलपुर, (निसं)। जोगी आश्रम तथा श्री श्याम हनुमान मंदिर के बीच गंदे पानी के निकासी के लिए बनाया गया नाला क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण अनहोनी घटना को निमंत्रण दे रहा है।

शहर के शीतला बाजार से सिद्धमुख मोड तक जाने वाली प्रमुख

- **लोगों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जताया आक्रोश**
- **शिकायतों के बावजूद भी नहीं हो रही कार्रवाई**

सडक पर श्री केशरा मंदिर के पास पानी निकासी के लिए नगर पालिका प्रशासन की ओर से एक नाले का निर्माण किया गया था। गत कई महीनों से नाले पर लगाया गया जाल क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण आवागमन में लोग परेशान थे, लेकिन शनिवार को नगर पालिका सफाई कार्मिकों ने नाले की सफाई करने के लिए जाल को हटा दिया।

नाला क्षतिग्रस्त होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिसके कारण गत तीन दिनों से पूरा सड़क मार्ग बंद हो गया। लोगों ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण गत कई महीनों से लोग परेशान है। विशेष कर वाहन चालक तथा दुपहिया वाहन चालकों को हर वक्त अनहोनी घटना की आशंका से परेशान होना पडता था।

इसके अलावा राजकीय मोहता कन्या बालिका विद्यालय में पढने वाली सैंकडों बालिकाओं को कीचड युक्त वातावरण से गुजरना पडता है।

शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश सोनी ने बताया की नाले नव निर्माण और के मरम्मत के लिए टेंडर हो चुके हैं, फिर भी नाले का नव निर्माण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मोहल्ले वासियों के साथ आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे। वहीं जाल के अभाव में नाला अवरुद्ध होने के कारण लोगों को तथा रामबास, धाणक मोहल्ला ओर रैगरान मोहल्ला, गुलपुरा मोड क्षेत्र सहित एनएच की ओर जाने वाले लोगों को अलग-अलग रास्तों से घूम कर आवागमन करना पड रहा है।

पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया

सादुलपुर, (निसं)। चूरू लोकसभा भाजपा प्रत्याशी पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने कस्बे के वार्ड नंबर 15,16 व 17 में समस्त भाजपा कार्यकर्ता 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत रविवार बीती रात्रि को पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कर जनसुनवाई की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर वार्ड संख्या 17 के पूर्व पार्षद बीरबल राम नायक ने भाजपा कार्यकताओं से कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधारोपण कर वार्ड को हरा भरा बनाने में भागीदारी निभाने का काम करें। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर चूरू लोकसभा भाजपा प्रत्याशी पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने पौधारोपण का शुभारंभ करते हुए जनसुनवाई भी की। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने देंगे तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नये आयाम छू रहा है। और किसी भी कार्यकर्ता के मान व सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे। जिसमें जोगेंद्र झाझडिया, भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनिया, हमीरवास ग्राम पंचायत के सरपंच प्रत्याशी दिनेश कुमार नायक, वार्ड 17 के पूनम चंद नायक, वार्ड 16 के पार्षद प्रत्याशी सलीम खान, आमिर खान, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, रामजीलाल नायक, ओमप्रकाश चारण, मिट्ठू लाल नायक, प्रेमराज शर्मा व खेताराम नायक आदि उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी लेंगे भाजपा संगठन की बैठक

झुंझुनूं, (निसं) । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी मंगलवार को झुंझुनूं प्रवास पर रहेंगे। ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित ज़िला संगठन पदाधिकारियों की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे।

जानकारी देते हुए भाजपा ज़िला प्रवक्ता कमल कान्त शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी मंगलवार को प्रात: 11 बजे स्थानीय बगड़ रोड़ स्थित भाजपा ज़िला कार्यालय में ज़िले के संगठन पदाधिकारियों की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

बैठक में प्रदेश महामंत्री एव संभाग सह प्रभारी ओम प्रकाश बढ़ाना, श्रवण सिह बगड़ी, संतोष अहलावत, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, ज़िला प्रमुख, प्रधान, पूर्व प्रधान, उपप्रधान, चेयरमैन, पूर्व ज़िलाध्यक्ष, ज़िला पदाधिकारी,मण्डल अध्यक्ष, ज़िला परिषद सदस्य भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी झुंझुनूं विधानसभा की बैठक लेंगे जिसमें विधानसभा के मण्डल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्तिकेंद्र प्रभारी व विधानसभा के जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

अपराध नियंत्रण गोष्ठी आयोजित

चूरू, (कासं)। पुलिस लाइन चूरू में सोमवार को अपराध नियंत्रण गोष्ठी आयोजित हुई। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस ने बताया कि बैठक में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृताधिकारी व थानाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक जय यादव ने लोकल व स्पेशल एक्ट, महिला अत्याचार एवं एससी/एसटी के लंबित प्रकरणों, सम्पति संबंधी विवादों, पोक्सो एक्ट में सभी प्रकरणों, पेडिंग चालान/एफआर, सड़क दुर्घटना , वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीसीटर व गुंडा एक्ट में कार्यवाही, केस ऑफिसर स्कीम, ईनामी अपराधियों, थाना स्तर पर टॉप-10 के अन्तर्गत शामिल अपराधियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही, नक्शा मालखाना आईटम के निस्तारण व मादक पदार्थों के विरूद्ध की गई कार्यवाही पर अब तक की स्थिति की समीक्षा की।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का विद्यालय में नाम भूलवंश अशोक दर्ज करवा दिया था जबकि उसका सही नाम भरत है। भविष्य में उसे भरत के नाम से ही जाना पहचाना जावे। नाम को लेकर किसी प्रकार का विवाद होने पर मेरी जिम्मेवारी होगी। रामनिवास नायक पुत्र बिशनाराम नायक दानदुसर तह. सरदार शहर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण राजस्थान सरकार पत्र क्रमांक No. Rj/24/SEAC2/MIN/EC/0119 Cat. B2 2023-24 Jaipur dated 19.06.2024 के द्वारा मैं मैसर्स मातेश्वरी स्टोन क्रेशर निवासी खीचड अस्पताल के सामने नवलगढ रोड तहसील व जिला सीकर के नाम से स्वीकृत/धारित खनन पट्टा संख्या 91/2004 वास्ते खनिज चेजा पत्थर क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर के खसरा नं. 2219/2213 निकट ग्राम गोरीर (मोडी) तहसील खेतडी पूर्व जिला झुंझुनू नवसृजीत जिला नीमकाथाना राज के लिए पर्यावरण अनुमति/स्वीकृति प्रदान कर दी गई है उपरोक्त स्वीकृत पत्र की प्राप्ति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल कार्यालय जयपुर की वेबसाइट www.r.p.b.nic.in पर उपलब्ध है। एवं क्षेत्रीय कार्यालय सीकर में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है।

'सम्पर्क पोर्टल पर शिकायतों का हो समयबद्ध निस्तारण'

चूरू, (कासं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने सोमवार सवेरे जिला कलक्ट्रेट सभागार में सम्पर्क पोर्टल, आवश्यक सेवाओं व 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो तथा किसी प्रकार की पेंडेंसी न रहे। अधिकारी अपने सम्पर्क पोर्टल पर नियमित रूप से लॉगिन करें तथा प्राप्त शिकायतों का संवेदनशीलता से निस्तारण करें। शेखावत ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप आमजन को आवश्यक सेवाएं समुचित मुहैया हों। अधिकारी अपनी टीम व संसाधनों का बेहतरीन प्रबंधन करें और समुचित सुविधाओं के साथ आमजन को संतुष्ट करें। किसी भी माध्यम से आवश्यक सेवाओं से संबंधित शिकायत मिलने पर अधिकारी व्यक्तिगत रूचि से निस्तारण करें।

शेखावत ने कहा कि संसाधनों के अधिकतम उपयोग से प्रयास करें कि सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन हों। इसी के साथ आमजन के कनेक्शन, कनेक्शन के लिए जरूरी सामग्री की उपलब्धता को

- **अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने सम्पर्क पोर्टल, आवश्यक सेवाओं व 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

भी सुनिश्चित करें ताकि कनेक्शन लेने वालों को अधिक परेशानी न हो। शेखावत ने 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयानुसार पूरा करें। 20 सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन में जिला अव्वल रहे। इसके लिए सभी बीस बिन्दुओं की समानांतर क्रियान्विति आवश्यक है। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों व लक्ष्यों में व्यक्तिगत रूचि रखते हुए पूरा करें। बैठक के दौरान एडीएम शेखावत ने जॉब कार्ड, अनाज आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत निर्मित आवास, जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर नल कनेक्शन, संस्थागत प्रसव, बाल कल्याणसहित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की।

'ताजिया जुलूस के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हों'

चूरू, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा है कि मोहर्रम पर सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं समुचित ढंग से सुनिश्चित की जाएं। जिला मुख्यालय पर निकलने वाले ताजिया जुलूस के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हों और इस दौरान किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े।

पुलिस अधीक्षक यादव मोहर्रम को लेकर जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया सहित अधिकारी, मोहर्रम कमेटियों से जुड़े लोग मौजूद थे। आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चूरू का आपसी भाईचारा एक मिसाल रहा है। हमारी यह कोशिश रहनी चाहिए कि चूरू की यही पहचान कायम रहे।

उन्होंने कहा कि इस दौरान समुचित सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे तथा चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। सुरक्षा के नजरिए से ड्रोन का भी उपयोग किया

- **पुलिस अधीक्षक जय यादव ने मोहर्रम की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में दिए निर्देश**

जाएगा, जुलूस से पूर्व छतों का सर्वे किया जाएगा तथा सिविल डिफेंस की टीम भी तैनात की जाएगी। उन्होंने मोहर्रम कमेटी प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना, आवश्यकता और सुझाव के लिए एसडीएम, डीवाईएसपी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से तत्काल संपर्क करें। प्रशासन और पुलिस की ओर से आयोजन की सफलता के लिए समुचित सहयोग प्रदान किया जाएगा।

एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार सहित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए और कहा कि जुलूस के लिए निर्धारित रूट को व्यवस्थित करें तथा सड़क, बिजली, जल, एंबुलैंस सहित सहित सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। रूट पर किसी प्रकार का कोई जर्जर भवन वगैरह हो तो उसे देख लें।

मोहर्रम कमेटी के सदस्यों द्वारा अवगत करवाई गई समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने शहर में बरसाती पानी भराव, सड़क पर साफ-सफाई, बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर, ढीले बिजली के तारों, बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मौजूद मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली खान ने मोहर्रम निकाले जाने के निर्धारित समय, रूट एवं आयोजन की जानकारी दी। बैठक में एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र पाल, भरतिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मनीराम दनेवा, उस्ताद लियाकत अली, अलीशेर, मो. अजीज, उस्ताद नवाब खां, उस्ताद रोशन, सुरेंद्र दुगावा सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यालय सचिव मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, रतननगर (चूरू)

क्रमांक-खुली निविदा/एम.आर.एस./2024-25/252 दिनांक-15.07.2024

निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतननगर हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निम्न सामान/सुविधायें क्रय किये जाने बाबत अधिकृत पंजिकृत विक्रेताओं/पंजिकृत सफाई ठेकेदारों/पंजीकृत सेवा प्रदाता ठेकेदार से मोहर निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	नाम आईटम कार्य	अनुमानित (लागत (रू.) (वार्षिक)	निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू.)	बोली प्रतिभूति राशि (रू.)	NIB MHS2425A1053
1	लेबोरेट्री रेजेन्ट केमिकल्स एवं एक्स-रे फिल्म व डवलपर आदि/ NEO 360 RFID Accurex Made Fully Automated Blood Cell Counter मशीन हेतु रिजेण्ट/टेस्ट किट आदि (सिंगल सोर्स प्रोक्यूरमेंट केवल प्रोपराईटरी प्रकृति/मूल निर्माता कम्पनी)	500000/-	500/-	10000/-	MHS2425GSOB01488
2	डॉट मेट्रिक्स प्रिंटर हेतु कार्बनयुक्त ओपीडी पंची छपायी कार्य	150000/-	200/-	3000/-	MHS2425GSOB01489
3	संस्था की सफाई का कार्य मय सामान	360000/-	500/-	7200/-	MHS2425SSROB01490

निविदा प्रपत्र दिनांक 15.07.2024 से 25.07.2024 तक प्रात 11.00 बजे तक विक्रय एवं उसी दिवस को दोपहर 01.00 बजे तक जमा किये जायेंगे। प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष कार्य समिति द्वारा दिनांक 26.07.2024 को प्रात 11.00 बजे खोली जाएगी। वेबसाई http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलॉड की जा सकती है। जिसकी एनओसी क्रमांक MHS2425A1053 है तथा यूबीएन क्रमांक MHS2425GSOB01488, (Single Source Bidding & OTHER) MHS2425GSOB01489, MHS2425SSROB01490 है।

सचिव
मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
राज.सामु. स्वास्थ्य
रतननगर (चूरू)

गौवंश को हरी सब्जी खिलाई

सादुलपुर, (निसं)। गो भगत राकेश जांगिड के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को श्री जुबली पिंजरापोल गौशाला राजगढ में पधार कर कमजोर, बीमार गोवंश के लिए हरी सब्जी खिलाकर सेवा की गई।

इसी दौरान डॉ. राजकुमार फगेडिया ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि गौ सेवा को हिन्दू धर्म में सबसे बडी सेवा माना गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को मांगलिक कार्य गौ सेवा के साथ करें ताकि गो माता का आर्शिवाद बना रहे। इस अवसर पर परिवार जन के उनकी माता, पत्नी, पुत्र-पुत्री मयंक जांगिड, अदिति जांगिड, भतीजे हर्ष जांगिड, गोवत्सला रेखा सैनी, उनकी माताजी आदि उपस्थित रहे। साथ में श्री मनोकामना सिद्ध बालाजी धाम गौसेवा समिति के सदस्य डॉक्टर राजकुमार फगेडिया ने कार्यक्रम में शिरकत की।

जाति सूचक गालियां व मारपीट का आरोप

सादुलपुर, (निसं)। जाति सूचक गालियां निकालकर लाठी सरिया से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि पप्पू ढोली उम्र 45 साल निवासी मीठडी पट्टा ददरेवा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 14 जुलाई 2024 को उसका भाई प्रताप ढोली खेत से वापस घर आ रहा था। समय करीब सुबह 8.00 बजे लगभग अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोहर सिंह प्रजापत के खेत में पहुंचा तब वहां पर पहले से मौजूद मोहर सिंह तथा उसकी पत्नी तथा पुत्र नरेश हाथों में लाठी सरिया लेकर खडे थे।

प्रताप ढोली के चलती मोटरसाइकिल पर लाठी से वार किया तो प्रताप मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया। हाथों में लाठी सरिया लेकर आरोपियों ने मारपीट की तो वह बेसुध होकर गिर गया।

बचाओ-बचाओ का शोर शराब किया तथा पानी पिलाने की मांग की तो आरोपियों ने जाति सूचक गालियां निकालते हुए मारपीट की करने लगे तथा घटना के दौरान अन्य खेत पडोसियों ने आरोपियों को ललकारा तो वह फरार हो गए। घायल अवस्था में प्रताप ढोली को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हाल देखते हुए उसे चूरू रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय ग्राम पंयत सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक-ग्रा.प./सा./2024-25/116-123 दिनांक-14.07.2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

ग्राम पंचायत लालासर में महात्मा गाँधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2024-25 हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है जिसकी अनुमानित लागत राशी 70.00 लाख है जिस की प्रतिभूति राशी के रूप में अनुमानित लागत राशी का 70.00 लाख का 2 प्रतिशत से 1.40 लाख रूपये की सरपं ग्राम पंचायत सालासर के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इछुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 15.07.2024 को 5.00 पी.एम. से दिनांक 24.07.2024 को 6.00 पी.एम. तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

निविदा सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर राशि (रूपये में)
1	ग्राम पंचायत सालासर में महात्मा गाँधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा, RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपर्ति वर्ष 2024-25 हेतु	70.00 लाख	140000/- रूपये
2	ऑनलाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख	दिनांक 15.07.2024 को 5.00 पी.एम. से दिनांक 24.07.2024 को 6.00 पी.एम. तक	
3	धरोहर राशि निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैंकर चैक/ई चालान एवं अन्य कार्यालय में जमा कराने की दिनांक	दिनांक 25.07.2024 को 11.00 ए.एम. तक	
4	ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख	दिनांक-25.07.2024 को 2.00 पी.एम.	

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता है।

UBN NO..... NIB NO.....

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
पं.स. सुजानगढ (चूरू)

सरपंच
ग्राम पंचायत सालासर
पं.स. सुजानगढ (चूरू)

छात्रों का स्वास्थ्य जांचा

रतनगढ़, (निसं)। तहसील के ग्राम नोसरिया की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को छात्रों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया। सीएमएचओ मनोज शर्मा व बीसीएमओ मनीष तिवारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के रतनगढ़ की टीम ने विद्यालय में पहुंचकर अध्ययनरत सभी छात्रों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया। टीम प्रभारी डॉ सुरेश कुमावत व फार्मासिस्ट हरिशंकर परिहार द्वारा एनीमिया, आंखों के रोग, हृदय रोग, चर्म रोग एवं दंत रोग सहित अन्य अनेक प्रकार के रोगों की जांच की, 4 छात्रों को चिन्हित कर उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। संस्था प्रधान पंकज पीपलवा ने मौसमी बिमारियों से बचाव हेतु खान-पान, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या की जानकारी देते हुवे जागरूक किया।

अनियंत्रित ट्रोले की ट्रक से भिडंत, ड्राइवर गंभीर घायल

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के बडाऊ के पास सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रोले की सामने से आ रहे ट्रक से भिडंत हो गई। इस दौरान हादसे में एक ड्राइवर घायल हो गया। जिसकी हालत गंभीर होने पर उसे नीमकाथाना रैफर किया गया है।

थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे एक खाली ट्रोला बीलवा से चंवरा की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह बडाऊ

- **हादसे में ड्राइवर की हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना रैफर किया**

के पास पहुंचा तो अचानक ट्रोला अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गया। इसके बाद ट्रोला टक्कर लगने के बाद सड़क से नीचे गड्ढे में गिर गया, हादसे में ट्रोला ड्राइवर घायल हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल से एंबुलेंस को बुलाया गया। हादसे की

खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के बडाऊ के पास एक अनियंत्रित ट्रोले की सामने से आ रहे ट्रक से भिडंत हो गई।

सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट सतीश मान व ईएमटी सुभाष चौधरी मौके पर पहुंचे तथा घायल ड्राइवर को बडाऊ के राजकीय सामुदायिक अस्पताल में पहुंचाया गया। इस दौरान ड्राइवर खेड़ी सालवा जिला जोधपुर निवासी सोहन सारण (28) पुत्र पाचाराम का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। हादसे की सूचना पर खेतड़ीनगर थानाधिकारी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई। थानाधिकारी ने बताया कि आमने-सामने से आ रहे ट्रोले की भिड़ंत होने पर एक ट्रोला ड्राइवर को घायल होने पर नीमकाथाना रैफर किया गया है। हादसे में दोनों वाहन क्षितग्रस्त होकर सड़क से नीचे खेत में घुस गए। रास्ते का आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से रिपोर्ट नहीं दी गई है।

मोहर्रम के बाद खोला जायेगा किसानों का रास्ता

चूरू, (कासं)। लोहसना छोटा गांव में दबंगों द्वारा रोका गया आधा दर्जन से भी अधिक किसानों के खेतों का रास्ता मोहर्रम के बाद पुलिस बल लेकर खोल दिया जायेगा।

तहसीलदार सुरेन्द्र पाल ने बताया कि पटवारी तथा गिरदावर को आदेश दे दिया है, पुलिस बल के लिए भी लिख दिया है लेकिन मोहर्रम का त्यौहार होने के कारण अभी पुलिस बल उपलब्ध नहीं हुआ।

उल्लेखनीय है कि गांव लोहसना छोटा के जगदीश पुत्र चंद्रा राम जाट, सुरेश कुमार पुत्र भंवर सिंह जाट, कमल कंवर पत्नी भंवर सिंह राजपूत, कृष्ण सिंह पुत्र हनुमान सिंह राजपूत, संतोष देवी पत्नी हनुमान दास स्वामी, शशि कुमार पुत्र बजरंग लाल जाट, अर्जुन राम पुत्र चंद्रा राम जाट, देवकरण पुत्र अर्जुन राम जाट, राजू सिंह पुत्र भानी सिंह राजपूत, कमल कंवर पत्नी कल्याण सिंह राजपूत आदि ने एक जुलाई को तहसीलदार चूरू के नाम उनके ऑफिस में ज्ञापन देकर बताया कि उनके खेतों में सदामत से जाने वाली पगडंडी का रास्ता उन्हीं के गांव के नरेंद्र सिंह पुत्र बजरंग सिंह राजपूत, संतोष पत्नी मदन सिंह और सुरेश पुत्र मदन सिंह राजपूत ने बंद कर दिया है।

कार्यालय ग्राम पंयत सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक-ग्रा.प./सा./2024-25/116-123 दिनांक-14.07.2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

ग्राम पंचायत लालासर में महात्मा गाँधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2024-25 हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है जिसकी अनुमानित लागत राशी 70.00 लाख है जिस की प्रतिभूति राशी के रूप में अनुमानित लागत राशी का 70.00 लाख का 2 प्रतिशत से 1.40 लाख रूपये की सरपं ग्राम पंचायत सालासर के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इछुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 15.07.2024 को 5.00 पी.एम. से दिनांक 24.07.2024 को 6.00 पी.एम. तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

निविदा सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर राशि (रूपये में)
1	ग्राम पंचायत सालासर में महात्मा गाँधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा, RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपर्ति वर्ष 2024-25 हेतु	70.00 लाख	140000/- रूपये
2	ऑनलाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख	दिनांक 15.07.2024 को 5.00 पी.एम. से दिनांक 24.07.2024 को 6.00 पी.एम. तक	
3	धरोहर राशि निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैंकर चैक/ई चालान एवं अन्य कार्यालय में जमा कराने की दिनांक	दिनांक 25.07.2024 को 11.00 ए.एम. तक	
4	ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख	दिनांक-25.07.2024 को 2.00 पी.एम.	

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता है।

UBN NO..... NIB NO.....

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
पं.स. सुजानगढ (चूरू)

सरपंच
ग्राम पंचायत सालासर
पं.स. सुजानगढ (चूरू)